पायनियर

नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 6 फरवरी 2020

ग्रेनो मेट्रो की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई

एनएमआरसी की एमडी ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि प्रबंधन ने मेट्रो की फ्रीक्वेंसी बढ़ा दी है। पीक आवर्स के दौरान 6 मिनट और नॉन पीक आवर्स के दौरान 7.5 मिनट पर मेट्रो मिलेगी। वर्तमान में पीक आवर्स और नॉन पीक आवर्स में क्रमश: 7.5 मिनट और 10 मिनट की फ्रीक्वेंसी है। नॉलेज पार्क-2 से ऑटो एक्सपो तक ई.रिक्शा की सुविधा मिलेगी। यहां 10 ई-रिक्शा यात्रियों के लिए रहेंगे। केवल 10 रुपये में प्रदर्शनी स्थल तक पहुंच जाएंगे। हालांकि, नॉलेज पार्क-2 मेट्रो स्टेशन से लोग पैदल भी जा सकते हैं।